डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद (उ0प्र0)
DR. RAM MANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, FAIZABAD (U.P.)

पत्रांक: लो0अ0वि0/परीक्षा/ 316 /2018

दिनांक: 24.03.2018

सेवा में,

केन्द्राध्यक्ष,
मुख्य परीक्षा वर्ष–2018
सम्बद्ध, समस्त परीक्षा केन्द्र,
डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,
फैजाबाद।

विषय– सी0सी0टी0वी0 कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्तानुक्रम में सूच्य है कि विश्वविद्यालय की वर्ष –2018 की मुख्य परीक्षाएं दिनांक 22.03.2018 से प्रारम्भ हैं। सी0सी0टी0वी0 कैमरों की मानीटरिंग तथा सचल दल निरीक्षण के दौरान अनेकों परीक्षा केन्द्रों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों के संचालन में विसंगतियॉ प्रकाश में आयी है। **एतदर्थ ऐसे परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में जहॉं सी०सी०टी०वी० कैमरों का परिचालन समुचित ढंग से नहीं हो रहा है, ऐसे परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा सामूहिक नकल के सम्बन्ध में यथोचित निर्णय लिया जा सकता है।**

अतः समस्त परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि अपने–अपने परीक्षा केन्द्र पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों का संचालन/परिचालन सम्यकरूपेण सुनिश्चित कराने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी।

भवदीय,

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष, परीक्षा संचालन समिति।
2. निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. सहायक कुलसचिव/प्रभारी,(गोपनीय/परीक्षा/लेखा)।
5. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की बेवसाइट एवं परीक्षा केन्द्रों की कालेज लॉगिन में अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
6. पत्रावली।

परीक्षा नियन्त्रक